# RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
# (Deemed University)

**(Under Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)**
**56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi-110058**

## SIXTH CONVOCATION

## NOTIFICATION

It is notified for information to all concerned that the sixth convocation of the Rashtriya Sanskrit Sansathan, New Delhi scheduled to held on Saturday, 24th August, 2019 from 11:00 A.M. onwards at Siri Fort Auditorium, August Kranti Marg, Khel Gaon, New Delhi-110049. **Dr. Ramesh Pokhriyal 'Nishank',** Hon'ble Minister of Human Resource Development, Govt. of India and Chancellor, Rashtriya Sanskrit Sansthan, New Delhi has kindly agreed to preside over. All the students who have passed Shastri(B.A.), Acharya(M.A.), Shiksha Shastari(B.Ed.), Shiksha Acharya(M.Ed.), Vidyavaridhi (Ph.D.) and Rank Holders (Gold Medal recipient) from this Sansthan in the academic session 2015-2016, 2016-2017, 2017-2018 and 2018-2019 shall be **admitted** (participate) in the Convocation. The eligible students shall have to register, paying **₹500/-** as registration fee, upto 05/08/2019 themselves in their respective Campuses/Institutions from where they have passed the respective examination and thereafter upto 10/08/2019 in the Examination Section, Headquarter Office at Janakpuri, New Delhi-110058. Only registered participants will be permitted to attend the convocation. All concerned are advised to visit the Sansthan website www.sanskrit.nic.in for further details and updates.

**Email- rsksconvocation@gmail.com**

**Sd.-**
**Controller of Examinations**

*All Demand Drafts should be in favour of "V. C., Rashtriya Sanskrit Sansthan, New Delhi" of any nationalized bank payable at New Delhi.

# राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित)

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

## षष्ठ दीक्षान्त समारोह

<u>अधिसूचना</u>

सभी महानुभावों को यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान का षष्ठ दीक्षान्त समारोह का आयोजन दिनांक 24 अगस्त, 2019 शनिवार प्रातः 11:00 बजे सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, अगस्त क्रान्ति मार्ग, खेलगाँव, नई दिल्ली-110049 में सम्पन्न होगा। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय भारत सरकार एवं कुलाधिपति (राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान) डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक' अध्यक्षता करने की अनुमति प्रदान की है। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2015-2016, 2016-2017, 2017-2018 एवं 2018-2019 में शास्त्री, शिक्षाशास्त्री, आचार्य, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि उत्तीर्ण सभी छात्र/छात्राएँ तथा स्वर्णपदक विजेता भी भाग ले सकेंगे। सभी अर्ह छात्र/छात्रा व्यक्तिगत रूप से अपना नामांकन ₹500/- (पाँच सौ रूपये) शुल्क देकर दिनांक 05.08.2019 तक सम्बन्धित संस्था में अथवा 10.08.2019 तक संस्थान मुख्यालय परीक्षा विभाग में जमा करा सकते हैं। केवल नामांकित छात्रों को ही दीक्षान्त समारोह में प्रवेश दिया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.sanskrit.nic.in देखें।

**Email-** rsksconvocation@gmail.com

ह.-

<u>परीक्षा नियंत्रक</u>

*All Demand Drafts should be in favour of "V. C., Rashtriya Sanskrit Sansthan, New Delhi" of any nationalized bank payable at New Delhi.

# राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान

**(मानित विश्वविद्यालय),**

**नई दिल्ली**

**परीक्षा विभाग**

**<u>षष्ठ दीक्षान्त समारोह</u>**

अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली द्वारा षष्ठ दीक्षान्त समारोह का आयोजन दिनांक 24.08.2019 को किया जा रहा है। उक्त दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय भारत सरकार एवं राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के कुलाधिपति, **डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक'** रहेंगे।

इस सन्दर्भ में सभी सम्बद्ध संस्थाओं, आदर्श महाविद्यालयों एवं संस्थान के सभी परिसरों को सूचना भेजी गई है, तथापि यह छात्रों के लिए विशेष समारोह होता है, अतः इससे सम्बन्धित कुछ सामान्य जानकारी भाग लेने वाले छात्रों के लिए दी जा रही है-

- **पात्रताः**- इस दीक्षान्त समारोह में केवल शैक्षणिक सत्र 2015-2016, 2016-2017, 2017-2018 एवं 2018-2019 मे निम्नलिखित कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा भाग ले सकते हैं-
  - क. विद्यावारिधि (दिनांक 08.08.2019 तक जिन शोधार्थीयों की वाक् परीक्षा सम्पन्न हुई हो।)
  - ख. शिक्षा आचार्य
  - ग. आचार्य
  - घ. शिक्षाशास्त्री
  - ङ. शास्त्री एवं
  - च. पूर्वमध्यमा, उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष से विद्यावारिधि तक स्वर्ण पदक विजेता।

- **नामांकनः**- दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि 05.08.2019 तक सम्बन्धित महाविद्यालयों में एवं 10.08.2019 तक संस्थान मुख्यालय के परीक्षा विभाग में नामांकन करवाना आवश्यक है। नामांकन के बिना दीक्षान्त समारोह में

प्रवेश सम्भव नहीं होगा। नामांकन आवेदनपत्र संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। नामांकन आवेदनपत्र पूर्ण कर आप अपने सम्बन्धित कक्षा उत्तीर्ण महाविद्यालय के प्राचार्य को सौप दें। नामांकित छात्रों का समूह सम्बन्धित विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रतिनियुक्त अध्यापक अथवा कर्मचारी के साथ दिल्ली आयेंगे। छात्रों को लाना और ले जाना तथा दीक्षान्त समारोह में साथ रहने का पूर्ण दायित्व प्रतिनियुक्त अध्यापक/कर्मचारी का होगा।

- **यातायात व्यवस्था**:- दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए जिन छात्रों ने समय पर नामांकन एवं निर्धारित शुल्क ₹500/- (पाँच सौ रुपये) जमा किया हो, उन्हीं छात्रों के लिए आने जाने का द्वितीय श्रेणी का शयनयान रेल किराया अथवा साधारण बस किराया रसीद/टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जायेगा।
- **आवास व्यवस्था**:- दीक्षान्त समारोह में भाग लेने के लिए जिन छात्रों का निर्धारित समय में नामांकन एवं शुल्क जमा होगा उनको ही आवास की व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाएगी जिसकी सूचना नामांकन के पश्चात सम्बन्धित महाविद्यालयों को दी जाएगी। जिसकी सूचना संस्थान वेब-साइट पर भी होगी।
- **समारोह स्थल**:- दीक्षान्त समारोह का आयोजन सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, अगस्त क्रान्ति मार्ग, खेलगाँव, नई दिल्ली-110049 मे होगा। समारोह स्थल पर पहुंचने के लिए आवास स्थान से बस व्यवस्था रहेगी।
- **प्रवेश**:- वैठने की व्यवस्था क्रमशः कक्षाक्रम से होगी। प्रत्येक कक्षा और प्रतिभागियों का स्थान पूर्व निर्धारित रहेगा। निर्धारित स्थान पर ही बैठना अनिवार्य है।
- **दीक्षान्त वस्त्र**:- नामांकित प्रत्येक प्रतिभागी को दीक्षान्त वस्त्र आवंटित किया जाएगा। दीक्षान्त के बाद वस्त्र प्रतिभागी अपने साथ ले जा सकेंगे।
- **अनुशासन**:- दीक्षान्त समारोह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं मर्यादित होता है, अतः इसमें अनुशासन में रहना तथा दूसरों को अनुशासन में रहने का संकेत देना सभी प्रतिभागियों एवं अध्यापकों का कर्त्तव्य होगा।
- **मोबाईल फोन**:- सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि दीक्षान्त समारोह में मोबाईल फोन (बन्द अवस्था में भी) तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को दीक्षान्त समारोह हॉल में लाना पूर्णतया वर्जित है। सभागार में ऐसा करने पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है। दीक्षान्त समारोह सभागार में मोबाइल फोन/सामान रखने की कोई भी व्यवस्था नहीं होगी, इसकी जिम्मेवारी आपकी अपना ही होगी।
- **अध्यक्ष**:- माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री भारत सरकार एवं संस्थान के कुलाधिपति महोदय के साथ वैदिक परम्परा के अनुसार अध्यक्ष महोदय को मंच तक ले जाया जाएगा। प्रेक्षागृह में अध्यक्ष महोदय का ज्यों ही प्रवेश होगा सभी

प्रतिभागी अपने–अपने स्थान पर अध्यक्ष महोदय के प्रति सम्मान देने हेतु खड़े होंगे। अध्यक्ष महोदय के बैठने के बाद सभी अपने–अपने स्थान पर बैठ सकते हैं।

- **उपस्थापनः**– प्रत्येक कक्षा के लिए या सामूहिक रूप से जो उपस्थापन का आदेश 'उत्तिष्ठन्तु' छात्र को दिया जायेगा। आदेश पाते ही छात्र अपने–अपने स्थान पर खड़े हो जायेंगे। 'उपविशन्तु' करने पर छात्र अपने–अपने स्थान पर बैठ जायेंगे।
- **अनुशासन पाठः**– अध्यक्ष महोदय के अनुमति से मान्य कुलपति महोदय द्वारा अनुशासन पाठ पढ़ाया जाएगा। इसे ध्यान से ग्रहण करें। यही दीक्षान्त का वास्तविक भाव होता है।
- **समापनः**– जिस प्रक्रिया से यह कार्यक्रम प्रारम्भ होता है उसी प्रक्रिया से यह कार्यक्रम समाप्त भी होता है। अतः मंच से अध्यक्ष महोदय उतरेंगे और सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी। इस बीच अनुशासन बनाये रखना सभी का कर्त्तव्य होगा।
- **फोटोः**– व्यक्तिगत फोटो की व्यवस्था नहीं होगी। फोटो की व्यवस्था संस्थान की ओर से होगी और संस्थान के वेबसाइट पर डाल दी जाएगी।
- **भोजनः**– कार्यक्रम समाप्त होने पर सभी प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार/निर्धारित स्थान पर जहाँ ठहरने की व्यवस्था होगी अथवा अन्यान्य व्यवस्था के अनुसार भोजन की व्यवस्था होगी। भोजनोपरान्त सभी प्रतिभागी अपने–अपने गन्तव्य स्थान के लिए प्रस्थान करेंगे।
- दिल्ली आने–जाने तक छात्र अपने सम्बन्धित महाविद्यालय से प्रतिनियुक्त अध्यापक/कर्मचारी के मार्गदर्शन में रहेंगे। किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी के लिए छात्र/छात्रा स्वयं उत्तरदायी होंगे।
- सभी प्रतिभागी छात्र/छात्रा कुलगीत प्रस्तुति करेंगे जिसे बाद में आवश्यकता होने पर सस्वर गाया जाएगा।

**<u>परीक्षा नियंत्रक</u>**

# REGISTRATION PROFORMA FOR 6th CONVOCATION-2019

**To,**

**The Controller of Examinations,**
**Rashtriya Sanskrit Sansthan,**
**(Deemed University),**
**56-57, Institutional Area, (D-Block) Janakpuri,**
**New Delhi-110058**

**Photo**

Sir,

I wish to participate the 6th convocation to be held on 24/08/2019 at New Delhi, for the award of the ____________________ (name of the degree). I shall reach New Delhi on 23rd August, 2019 at ________________________________. I shall be grateful, if I am admitted to the convocation. I am submitting my particulars in the prescribed proforma as under:-

- Name (Student):- ____________________________________________________________
- Father's Name :- ________________________________________________________________
- Name of the Institution and address from where the examination passed :- ______________
  ________________________________________________________________________________
- Class:- _____________________ (Annual/Semester) Roll No.:- _______________________
- Enrolment No.:- __________________ Year of Passing:- ___________ Division:- __________
- Detail of Bank Draft:- Amount:- ________ Name of the Bank:- _____________________
  D.D. No.:-____________________ Date:- ______________________

Yours faithfully,

Date:- ____________________

Name of the candidate

## CERTIFICATE FROM HEAD OF INSTITUTION.

### For claiming fare

Shri/Smt./Kumari/Dr. ________________________________________ whose photograph attested above, is recipient of the ________________________________________ degree, and is being attending the 6th convocation to be held on 24th August, 2019 and was a student of this institution ____________________________________________ in the year ________________. He/She has qualified for attending the convocation. He/She can be reimbursed the fare as per his/her eligibility.

**Principal/Head of Institution with seal**

*All Demand Drafts should be in favour of "V. C., Rashtriya Sanskrit Sansthan, New Delhi" of any nationalized bank payable at New Delhi.